

नवभारत
भोपाल, सोमवार 30 मार्च 2026

# सरपंच के जेठ की गोली मारकर हत्या

## दो साल पहले भी हो चुकी है मृतक के दो भाइयों की हत्या





**रायसेन, 29 मार्च. रायसेन जिले के कुचवाड़ा गांव में सरपंच के जेठ की गोली मारकर हत्या कर दी गई. आरोपी भी पूर्व सरपंच है. इसके परिवार ने दो साल पहले मृतक के दो भाइयों की हत्या कर दी थी. इस मामले में 8 लोग जेल में हैं. वहीं उदयपुरा थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

घटना शनिवार रात करीब 11 बजे की है. मृतक की पहचान 45 वर्षीय रवींद्र रघुवंशी के रूप में हुई है. पुलिस के मुताबिक, रवींद्र के खेत में काम चल रहा, तभी उनका आरोपी संतोष के ट्रैक्टर ड्राइवर से किसी बात को लेकर विवाद हो गया. इस पर ड्राइवर ने संतोष को बुला लिया. कहासुनी के बाद संतोष ने रवींद्र के सीने में गोली मार दी. इसके बाद रवींद्र को तत्काल सिविल अस्पताल बरेली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही टीआई जयवंत सिंह काकोड़िया पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे. तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. पुलिस ने आरोपी संतोष रघुवंशी, हर्षित रघुवंशी एवं मनोज सोनी को गिरफ्तार कर लिया. शेष आरोपी रामस्वरुप रघुवंशी की तलाश जारी है.

### कुछ दिनों पहले भी हुआ था हमला

परिजनों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं. उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले भी थाला पेट्रोल पंप पर रवींद्र पर जानलेवा हमला हुआ था .उस समय हमलावर ने उन पर बंदूक तानी थी. रवींद्र ने बहादुरी से बंदूक पकड़ ली थी और अपनी जान बचाई थी .इस हमले की एफआईआर उदयपुरा थाने में दर्ज थी, लेकिन परिवार का आरोप है कि इतनी संवेदनशील स्थिति के बावजूद पुलिस ने रवींद्र की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए.

### चुनावी रंजिश में हुई है वारदात

यह वारदात पुरानी चुनावी रंजिश का नतीजा है .आरोपी संतोष रघुवंशी का परिवार लंबे समय से रघुवंशी परिवार का दुश्मन है .वर्तमान में मृतक रवींद्र के छोटे भाई प्रमोद की पत्नी रचना रघुवंशी गांव की सरपंच हैं, जिससे रंजिश और गहरा गई थी.

### तीन भाइयों की हो गई हत्या

इस परिवार के लिए यह तीसरा बड़ा आघात है. इससे पहले 13 जून 2023 को भी संतोष के परिवार ने चुनावी रंजिश के चलते रवींद्र के छोटे भाई प्रमोद रघुवंशी और चचेरे भाई विवेक रघुवंशी की गोली मारकर हत्या कर दी थी .उस दोहरे हत्याकांड में संतोष के परिवार के 8 सदस्य जेल में हैं.



# सांस्कृतिक महोत्सव में लोकगीत प्रस्तुत

## चंदपुरा में देर रात तक थिरके क्षेत्रवासी

**सिलवानी, 29 मार्च. ग्राम चंदपुरा कढ़ेली में आयोजित चंदपुरा सांस्कृतिक महोत्सव-2026 का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ. इस महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में पहले से ही विशेष उत्सुकता बनी हुई थी, जो आयोजन के दिन साफ तौर पर देखने को मिली.**

हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए एकत्रित हुए और देर रात तक सांस्कृतिक रंग में रंगे रहे.

महोत्सव में बुंदेलखंड के प्रसिद्ध गायक जित्तु खरे, गायिका रामदेवी मासूम एवं नेहा प्रजापति ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया. कार्यक्रम में लोकगीत, भजन और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं.कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसके चलते पूरा आयोजन देर रात तक उत्साहपूर्वक चलता रहा।

कार्यक्रम के आयोजक एवं समाजसेवी जयदीप पटेल ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करना और लोगों को एक साझा मंच पर जोड़ना है.उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलती है।

महोत्सव के दौरान होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने फूलों की होली खेलकर आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द्र का संदेश दिया.अंत में आयोजक जयदीप पटेल ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया.

## एक नजर में



### अंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को निकलेगी शोभायात्रा

सलामतपुर, 29 मार्च. रायसेन जिले के ग्राम बांसखेड़ा में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती हर्ष और उल्लास के साथ मनाई जाएगी. कार्यक्रम का आयोजन गुरु रविदास मंदिर सेवा समिति बांसखेड़ा के तत्वावधान में रविदास कॉलोनी में किया जा रहा है. आयोजकों के अनुसार, शोभायात्रा सुबह 9:00 बजे गुरु रविदास मंदिर सांची से प्रारंभ होगी, जो सांची बस स्टैंड स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद विभिन्न मार्गों से होते हुए आगे बढ़ेगी. यात्रा गुलगांव चौराहा, ग्राम गुलगांव, ऐरन, चिरौली, फूलबाग, सरचंपा और चिलवाहा होते हुए बांसखेड़ा स्थित गुरु रविदास मंदिर पर पहुंचकर समाप्त होगी. समापन स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा .कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं .साथ ही, क्षेत्र में जगह-जगह पंपलेट चिपकाकर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की जा रही है.

### महावीर जयंती का अवकाश 30 मार्च को रहेगा

रायसेन, 29 मार्च. रायसेन जिले में महावीर जयंती का पर्व 30 मार्च को मनाए जाने के कारण महावीर जयंती के उपलक्ष्य में घोषित सार्वजनिक और सामान्य अवकाश 31 मार्च दिन के स्थान पर 30 मार्च को सार्वजनिक और सामान्य अवकाश घोषित किया गया है. 31 मार्च को सभी शासकीय कार्यालय और संस्थाएं पूर्ववत खुले रहेंगे.



### वाहन पुलिया से टकराया, ड्राइवर की मौत

रायसेन, 29 मार्च. रायसेन जिले के बरेली क्षेत्र में नेशनल हाइवे-45 पर समनापुर जागीर के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया. अमृतश्री दूध से भरा तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गया, जिससे वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे में पिकअप ड्राइवर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण यह दुर्घटना हुई .घटना स्थल के पास मिडवे ट्रीट और एक कॉलेज स्थित है .सूचना मिलते ही बरेली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा .पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

### लोक रंग में दिखी परंपरा और हुनर की झलक

**भोपाल, 29 मार्च.** गीत नृत्य और जादू के संगम ने रविवार को जनजातीय संग्रहालय में परंपरा और हुनर ने की अनोखी झलक दिखलाई .संग्रहालय में आयोजित संभावना गतिविधि के तहत लोक रंगों और विविध प्रस्तुतियों से दोपहर शुरू हुए इस आयोजन में प्रदेश के अलग-अलग अंचलों से आए कलाकारों ने अपनी परंपराओं और कला कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. उज्जैन से आई हीरामणि वर्मा और उनके साथियों ने मालवी गायन प्रस्तुत किया .भजनों और पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति में आस्था और लोक जीवन के रंग साफ झलकते रहे.

टीकमगढ़ से आए शैलेंद्र सिंह सिसोदिया और उनके साथियों ने ढिमरियाई नृत्य की प्रस्तुति दी .इस नृत्य में लोक जीवन की सहजता और उत्सवधर्मिता झलकती है .मुख्य कलाकार द्वारा रेकड़ी वाद्य के साथ गाए गए पारंपरिक गीतों ने माहौल को जीवंत बना दिया.

# समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

## एबीवीपी ने दी आंदोलन करने की चेतावनी

**सिलवानी, 29 मार्च. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इकाई सिलवानी ने शासकीय महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपा. परिषद के कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को जल्द सुधारने की मांग की. मांगें पूरी न होने आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है.**



ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय में पेयजल व्यवस्था बेहद खराब है, जिसके लिए आर.ओ. सिस्टम लगाए जाने की मांग की गई. साथ ही महाविद्यालय के फर्श एवं टॉयलेट की मरम्मत, टीन शेड निर्माण, ई-लाइब्रेरी की सुविधा तथा छात्रों के लिए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई. परिषद ने कक्षाओं का नियमित संचालन करने एवं खराब फर्नीचर हटाकर नया फर्नीचर उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई. छात्रों ने परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया को लेकर भी समस्या बताई. वर्तमान में फीस केवल एटीएम के माध्यम से ही जमा की जा रही है, जिससे कई ग्रामीण छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. परिषद ने जनभागीदारी खाते के क्यूआर कोड या एमपी ऑनलाइन के पोर्टल के माध्यम से फीस जमा करने की व्यवस्था लागू करने की मांग की. इसके अलावा छात्राओं के लिए कॉमन रूम, जनभागीदारी खाते का बैंक स्टेटमेंट उपलब्ध कराने एवं परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्षों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही.

परिषद के भाग संयोजक जय यादव ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो एबीवीपी कॉलेज में तालाबंदी एवं आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी.ज्ञापन सौंपने के दौरान विद्यार्थी परिषद के कई कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

# धागों से बनाई सुंदर कलाकृतियां

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 29 मार्च.** शहर के जवाहर बाल भवन में रविवार का दिन सृजन की एक जीवंत कहानी बन गया। आर्ट डिजाइन टीचर्स फोरम द्वारा आयोजित मैक्रम कार्यशाला में जब साधारण धागे प्रतिभागियों के हाथों में पहुंचे, तो वे देखते ही देखते खूबसूरत कलाकृतियों में बदल गये. कार्यशाला में जुटे कला शिक्षक, छात्र और शौकिया प्रतिभागी उत्साह के साथ हर नई गांठ को से सुंदर कलाकृतियां रचने में लगे रहे. किसी के हाथों में पहली बार धागा था तो कोई पहले से कला से जुड़ा हुआ था. दिनभर चलने वाली इस कार्यशाला में हर उम्र के लोगों ने अपने भीतर छिपी रचनात्मकता को खुलकर अभिव्यक्त किया.वहीं प्रशिक्षक ममता सिंह ने बेहद सहज और क्रमबद्ध तरीके से प्रतिभागियों को मैक्रम की बारीकियां सिखाईं. शुरुआत साधारण गांठों से हुई और धीरे धीरे वही गांठें सुंदर डिजाइनों में बदलती चली गईं.प्रतिभागियों ने अपने हाथों से वॉल हैंगिंग और की होल्डर जैसी उपयोगी और आकर्षक वस्तुएं तैयार कीं.

# कृष्ण चंदर की दो कहानियों का हुआ मंचन

**भोपाल, 29 मार्च.** माध्यम नाट्य संस्था द्वारा रविवार की शाम श्यामला हिल्स स्थित लिटिल बैले ट्रूप में युवा अनुनाद 2026 के तहत कृष्ण चंदर की दो कहानियों का मंचन किया गया.इन दोनों ही प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावनाओं और यथार्थ के बीच गहराई से जोड़ दिया. पहली प्रस्तुति पूरे चांद की रात ने प्रेम, इंतजार और गलतफहमी से जन्मी जुदाई का मार्मिक चित्र खींचा. ओम दांगी और कशक राज ने सधी हुई अभिनय शैली से कहानी को जीवंत कर दिया.

# सलामतपुर पीएचसी को मिली ट्रूनेट मशीन

### 42 गांवों के टीबी मरीजों को मिलेगी सुविधा

**अदनान खान**

**सलामतपुर, 29 मार्च. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलामतपुर को टीबी की जांच में आवश्यक ट्रूनेट मशीन मिलने से 42 गांवों के मरीजों की जांच अब आसानी के साथ अस्पताल में ही हो जाएगी.**



अभी दीवानगंज, गीदगढ़ क्षेत्र के मरीजों को टीबी की जांच कराने के लिए 25 किलोमीटर दूर सांची सिविल अस्पताल जाना पड़ता था.वहां भी मरीजों की संख्या अधिक होने से जांच के लिए गए घंटों इंतजार करना पड़ता था. ट्रूनेट मशीन सांची सीबीएमओ डॉ. रवि राठौर के प्रयासों के चलते अस्पताल को उपलब्ध हुई है. मशीन के लिए ल्युपिन फाउंडेशन आगे आया और साढ़े सात लाख रुपये कीमत की मशीन स्वास्थ्य केंद्र को भेंट की है. इस दौरान ल्युपिन कंपनी के डीजीएम अनिल वर्गीस, सीएसआर मैनेजर सुशील डोंगसिरवार, एग्जेक्युटिव इंजीनियर मोलबीओ शुभांशु चौरसिया, एसटीएलएस केशव रघुवंशी, एसटीएस प्रशांत चक्रवर्ती और सांची सीबीएमओ डॉ रवि राठौर और अस्पताल स्टॉफ मौजूद रहा।

### अभी 13 टीबी मरीज़ों का चल रहा है इलाज

सलामतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आसपास क्षेत्र के 13 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है.इससे पहले भी लगभग 15 मरीज इलाज कराने के बाद स्वस्थ होकर खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं.वर्तमान टीबी मरीजों को निरंतर दवाएं और पोषण आहार समय पर उपलब्ध कराया जा रहा है.

ट्रूनेट मशीन एक पोर्टेबल, बैटरी से चलने वाली और चिप-आधारित डायग्नोस्टिक मशीन है.जिसे गोवा की एक कंपनी द्वारा विकसित किया गया है.यह मुख्य रूप से लगभग एक घंटे में यक्ष्मा टीबी और उसके प्रकार एमटीबी का पता लगाने के लिए उपयोग की जाती है.यह तकनीक रीयल-टाइम पीसीआर पॉलीमर्स चैन रिएक्शन पर आधारित है.

यह मशीन छोटी है, बैटरी से चलती है, और टीबी के परिणामों को लगभग एक घंटे में दे सकती है.यह चिप-आधारित तकनीक का उपयोग करती है, जो नमूने में डीएनए को प्रवर्धित एम्प्लीफाई करके टीबी के कीटाणुओं की पहचान करती है. इसका उपयोग मुख्य रूप से टीबी के निदान टीबी डायग्नोसिस के लिए किया जाता है, जिसमें ट्रुनेट एक्सपर्ट एमटीबी और ट्रुनेट एक्सपर्ट एमटीबी प्लस शामिल हैं.

### टीबी के मुख्य लक्षण

सीबीएमओ डॉ. रवि राठौर ने बताया कि टीबी (तपेदिक) के मुख्य लक्षणों में 2-3 सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी (कभी-कभी खून के साथ), शाम को बुखार आना, रात में पसीना आना, सीने में दर्द, भूख न लगना और तेजी से वजन घटना शामिल है. यह एक गंभीर संक्रामक बीमारी है, जिसके लक्षण दिखने पर तुरंत बलगम की जांच करानी चाहिए. उन्होंने बताया कि टीबी फेफड़ों के अलावा अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है .पेट की टीबी, पेट में दर्द, दस्त, या आंत में खराबी.

**हड्डी की टीबी: हड्डियों में दर्द या जोड़ों में सूजन**

लिम्फ नोड (गांठ) टीबी: गर्दन या अन्य जगहों पर सूजन यदि ये लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करना और बलगम की जांच कराना जरूरी है .वहीं रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर मरीज का पहले 3 महीने इलाज चलता है .फिर 6 महीने और इलाज किया जाता है.


### इनका कहना है

सलामतपुर पीएचसी को ट्रूनेट मशीन काफी प्रयासों के बाद मिल पाई है .साढ़े सात लाख रुपए कीमत की ट्रूनेट मशीन देने के लिए ल्युपिन फाउंडेशन आगे आया ओर मशीन उपलब्ध करा दी .अब दीवानगंज क्षेत्र जैसे दूर गांवों के मरीजों को जांच के लिए 25 किमी दूर सांची सिविल अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा.
- डॉ. रवि राठौर, सीबीएमओ, सांची

**गर्मी का असर** | सर्दियों में 2 से 3 हजार पर्यटक पहुंचते हैं स्तूप देखने

# सांची आने वाले पर्यटकों की संख्या में आई कमी

**सलामतपुर, 29 मार्च. बढ़ती गर्मी का असर अब पर्यटन पर भी साफ दिखाई देने लगा है.विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सांची स्तूप पर इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ नजर आ रहा है. सीजन में पहली बार तापमान 39 डिग्री के पार पहुंचते ही पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है.**



जहां कुछ दिन पहले तक हजारों की संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे थे, वहीं अब यह संख्या घटकर नाम मात्र रह गई है.दोपहर के समय स्तूप परिसर लगभग खाली दिखाई देता है.

जो पर्यटक यहां पहुंच भी रहे हैं, वे तेज धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए छाते का सहारा लेते नजर आ रहे हैं. छांव तलाश रहे हैं और खुद को पूरी तरह ढंककर गर्मी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। अगर आंकड़ों की बात करें तो सर्दियों में रोजाना 3 से 4 हजार पर्यटक यहां आते थे, जबकि सामान्य दिनों में करीब 2 हजार की संख्या रहती है.जनवरी में 30,162 भारतीय और 415 विदेशी पर्यटक पहुंचे थे, वहीं फरवरी में यह संख्या घटकर 24,436 भारतीय और 541 विदेशी पर्यटक रह गई.

तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप ने अब सांची घूमने का उत्साह कम कर दिया है, जिसका सीधा असर स्थानीय पर्यटन और कारोबार पर भी पड़ता नजर आ रहा है.

# बाड़ी में हनुमान जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

**बाड़ी, 29 मार्च. बाड़ी में इस वर्ष श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा.इस अवसर परा 22वें वर्ष की विशाल शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है.**

यह शोभायात्रा 2 अप्रैल को सायं 05:00 बजे बारना कॉलोनी स्थित श्री बालाजी मंदिर से प्रारंभ होगी. शोभायात्रा में भगवान हनुमान जी की मनमोहक झांकियों के साथ-साथ सुसज्जित रथ और बैंड-बाजों की मधुर धुनों पर भक्त झूमते नजर आएंगे. यह यात्रा बारना कॉलोनी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों चौराहों और बाजारों से होते हुए नावघाट मंदिर तक पहुंचेगी, जहां महाआरती और विशेष प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा.

इस आयोजन को भव्य रूप देने के लिए आयोजक राकेश वर्मा सहित पूरी टीम जुटी हुई है. समिति के सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा के मार्ग को भगवा ध्वजों और फूलों से सजाया जाएगा. जगह-जगह श्रद्धालु पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत करेंगे.आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से सपरिवार इस धर्ममय आयोजन में शामिल होने का आह्वान किया है.